जिला स्तरीय यूथ रेड क्रॉस शिविर में स्वयंसेवकों ने सीखा नशामुक्ति का पाठ

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्रांगण में पांच दिवसीय जिला स्तरीय शिविर जो भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, हरियाणा शाखा चंडीगढ़ व फरीदाबाद रेड क्रॉस सोसाइटी के के सहयोग से अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की यूथ रेड क्रॉस इकाइयों द्वारा चलाया जा रहा है के आज चौथे दिन रेडक्रॉस के आजीवन सदस्य व प्रशिक्षक श्री रतन सिंह आजाद ने स्वयंसेवकों को गृह परिचर्या विषय के गुरों व उपयोगिता की महत्त्वपूर्ण जानकारी दी। वहीं शिविर संयोजक डॉ. जयपाल सिंह जी ने एड्स के कारणों, एड्स के संबंधित लोगों में भ्रांतियों , रोकथाम व उपचार की विस्तृत जानकारी प्रदान की । वहीं महाविद्यालय के पर्यावरण प्रवक्ता व महाविद्यालय की रेडक्रॉस इकाई 3 के काउंसलर लवकेश ठोस अपशिष्ट जैसे महत्त्वपूर्ण विषय पर जानकारी प्रदान की। वही जिला रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद से आए श्री जगत सिंह तेवतिया ने नशा मुक्ति विषय पर अपने विचार रखें, उन्होंने स्वयं सेवकों को बताया कि किस तरह से नशा परिवारों को नष्ट कर रहा है और नशे से धन, सम्मान और जीवन सभी तरह की हानि होती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब की काउंसलर डॉ. नेहा गोयल व स्वयंसेवक भी मौजूद रहे। यह शिविर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.कृष्ण कांत गुप्ता जी के कुशल निर्देशन में चलाया जा रहा है। गौरतलब है कि यह शिविर जो 21 जून से 25 जून तक चलेगा इस शिविर में जिले के 6 महाविद्यालयों के 46 स्वयंसेवक व 6 काउंसलर भाग ले रहे हैं।